हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 23 दिसंबर 2025

04 श्री सत्य सांई विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय गणित...



08 गांव विकसित होंगे तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का...





## खबर संक्षेप

### 23 से 25 दिसंबर तक आयोजित होंगे तीन दिवसीय विशेष शिविर

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार ₹सुशासन सप्ताह - प्रशासन गाँव की ओर 2025₹ के अंतर्गत आम नागरिकों की शिकायतों के त्वरित निराकरण एवं विभिन्न जन सेवाओं की सुगम आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले की सभी ग्राम पंचायतों में विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा। ये तीन दिवसीय शिविर 23 दिसम्बर 2025 से 25 दिसंबर 2025 तक आयोजित किए जाएंगे। इन विशेष शिविरों का आयोजन प्रत्येक ग्राम पंचायत के पंचायत भवन में किया जाएगा। शिविरों में नागरिकों की शिकायतों का निराकरण, जन सेवाओं से संबंधित आवेदन प्राप्त कर यथा संभव त्वरित सेवाएं प्रदान की जाएंगी, ताकि ग्रामीण नागरिकों को एक ही स्थान पर विभिन्न सेवाओं का लाभ मिल सके। इस संबंध में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने सभी जनपदों के सीईओ को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने जनपद अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतों में निर्धारित अवधि के दौरान विशेष शिविरों का अनिवार्य रूप से आयोजन सुनिश्चित करें। इसके साथ ही शिविरों के बारे में नागरिकों को सूचना भी दी जाए ताकि अधिक से अधिक नागरिक इन शिविरों का लाभ उठा सकें। इसके साथ ही सभी जनपदों के सीईओ शिविरों की दैनिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिये गए हैं।

### कल मनाया जाएगा राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार 24 दिसम्बर को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर सीहोर जनपद पंचायत में दोपहर 1 बजे सभी विभागों द्वारा अपने-अपने विभाग से संबंधित प्रदर्शनियां एवं स्टॉल लगाए जाएंगे और उपभोक्ताओं को उनके हितों तथा अधिकारों के बारे जानकारी दी जाएगी एवं जागरूक किया जाएगा।

### बीजों के विक्रेता को लायसेंस लेना अनिवार्य

**सीहोर।** औषधीय फसलों एवं सब्जी, मसाला, पुष्प के बीजों का व्यापार करने वाले व्यापारी को उद्यानिकी विभाग से लायसेंस लिये बिना विक्रय नहीं किया जा सकता है। बीजों के व्यापार करने के लिये विक्रेता उद्यानिकी विभाग से लायसेंस लेना अनिवार्य किया गया है। बिना बीज लायसेंस के व्यापार करते पाये जाने पर विक्रेताओं के विरूद्ध बीज अधिनियम-1966 एवं बीज नियंत्रण आदेश 1983 में उल्लेखित प्रावधान अनुसार वैधानिक कार्यवाही की जायेगी, जिसकी सम्पूर्ण जवाबदेही सम्बन्धित निजी बीज विक्रेता की रहेगी।

### आष्टा में हिंसा के बाद पुलिस-प्रशासन ने संभाली कमान, उपद्रवियों पर एफआईआर दर्ज

# व्यापार महासंघ का आज नगर बंद का ऐलान, सर्वहिंदू समाज ने दी चेतावनी

### सीसीटीवी फुटेज से हो रही पत्थरबाजों की पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा







जिले के आष्टा शहर के अलीपुर क्षेत्र में रविवार रात मामूली विवाद के बाद भडक़ी हिंसा और पथराव की घटना ने शहर में सनसनी फैला दी है। इस घटना के विरोध में अब सामाजिक और व्यापारिक संगठनों ने मोर्चा खोल दिया है। सोमवार को सर्व हिंदू समाज के नेतृत्व में प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया। सर्व हिंदू समाज ने प्रशासन को सख्त कार्रवाई के लिए 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया है, वहीं व्यापार महासंघ ने आज (मंगलवार) आष्टा नगर बंद रखने का ऐलान किया है।

जानकारी के अनुसार रविवार रात करीब 9.30 बजे अलीपुर क्षेत्र में उस समय विवाद की स्थिति बनी जब हरदा में आयोजित करणी सेना के आंदोलन से लौट रहे सैनिकों का स्थानीय लोगों से किसी बात पर विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि पथराव शुरू हो गया। उपद्रवियों ने 8 से 10 गाडिय़ों में तोडफ़ोड़ की। स्थिति बेकाबू होते देख पुलिस को आंसू गैस के गोले छोडऩे पड़े और हल्का लाठीचार्ज कर भीड़ को खदेडऩा पड़ा।

#### पुलिस ने संभाल रखा है मोर्चा

घटना की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर बालागुरू के., एसपी दीपक कुमार शुक्ला और एएसपी सुनीता रावत ने स्वयं मोर्चा संभाला। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए भोपाल और देवास से अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया।



हाईवे पर लगे जाम को देर रात खुलवाया गया और सुबह होते-होते हालात पर काबू पा लिया गया। फिलहाल शहर के प्रमुख चौराहों पर वज्र वाहन और भारी पुलिस बल तैनात है।

**व्यापारी महासंघ का कड़ा रुख :** व्यापारी महासंघ के अध्यक्ष रुपेश राठौर ने घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि शहर की शांति भंग करने की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विरोध स्वरूप आज आष्टा की दुकानें बंद रखी जाएंगी। दूसरी ओर सर्व हिंदू समाज ने ज्ञापन सौंपते हुए चेतावनी दी है कि यदि 48 घंटे के भीतर दोषियों की गिरफ्तारी और उन पर कठोर कार्रवाई नहीं हुईए तो पूरे प्रदेश स्तर पर बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

#### अज्ञात दंगाइयों पर मामला दर्ज

पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला ने बताया कि मामले में किसी पक्ष के सामने न आने पर पुलिस ने स्वतः संज्ञान लेते हुए अज्ञात उपद्रवियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 422/25 दर्ज किया है। दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। हमने भारतीय न्याय संहिता की धारा 190(2), 191(3), 324(4) सहित बलवा और तोडफ़ोड़ की धाराओं में मामला दर्ज किया है। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

**अफवाहों से बचने की अपील :** प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की भ्रामक या भडक़ाऊ जानकारी साझा न करें। वर्तमान में बसें सुचारू रूप से चल रही हैं और स्थिति नियंत्रण में है। पुलिस लगातार गश्त कर शांति व्यवस्था बनाए रखने की कोशिश कर रही है।

## सत्य सांई यूनिवर्सिटी में ओरिएंटेशन प्रोग्राम व व्हाइट कोट सेरेमनी का आयोजन





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

श्री सत्य साईं यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मेडिकल साइंसेज़, सीहोर के स्कूल ऑफ होम्योपैथी में बीएचएमएस सत्र 2025 के विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम एवं व्हाइट कोट सेरेमनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुलसचिव डॉ हेमंत शर्मा एवं परीक्षा नियंत्रक डॉ संजय राठौर, प्राचार्य डॉ अनीस फातिमा एवं मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ उमेश पांडे विशेष रूप से शामिल हुए। इसमें कुलसचिव हेमंत शर्मा ने छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की।

समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। अतिथियों ने नव प्रवेशित छात्रों को चिकित्सा शिक्षा की गरिमा, अनुशासन और जिम्मेदारियों से अवगत कराया। अपने संबोधन में डॉ संजय राठौर ने कहा कि व्हाइट कोट केवल एक परिधान नहीं, बल्कि सेवा, संवेदनशीलता और नैतिकता का प्रतीक है। विद्यार्थियों को इसे सम्मान और ईमानदारी के साथ धारण करने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम के दौरान प्रत्येक छात्र को मंच पर बुलाकर व्हाइट कोट पहनाया गया। इसके बाद विद्यार्थियों को डॉक्टर्स शपथ दिलाई गई, जिसमें उन्होंने मानवता की सेवा, चिकित्सा मूल्यों के पालन और रोगियों के हित को सर्वोपरि रखने का संकल्प लिया। समारोह में बड़ी संख्या में अभिभावक भी शामिल हुए, जिन्होंने आयोजन को बच्चों के करियर की महत्वपूर्ण शुरुआत बताते हुए विश्वविद्यालय के प्रयासों की सराहना की।

कार्यक्रम के अंत में डॉ सुसेन थॉमस द्वारा अतिथियों, शिक्षकों, डॉक्टरों, विद्यार्थियों और अभिभावकों के प्रति धन्यवाद व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन अंकित नवगीत जोशी के द्वारा किया गया ।

# वेयरहाउस सौदे में 24.19 लाख की स्टांप ड्यूटी चोरी, ईओडब्ल्यू की एफआईआर

### कागज़ों की साजिश से सरकारी खजाने पर वारः कागज़ों में खेल, जमीन पर बड़ा घोटाला

**सीहोर।** जिले के ग्राम उदयपुरा में स्थित एक वेयरहाउस और उससे जुड़ी भूमि अब सरकारी राजस्व लूट के बड़े मामले की मिसाल बन चुकी है। वर्ष 2019 में यह संपत्ति यूको बैंक, भोपाल द्वारा सरफेसी अधिनियम के तहत नीलामी में बेची गई थी। उस समय 1.320 हेक्टेयर भूमि पर बने करीब 2768.38 वर्ग मीटर के वेयरहाउस का बाजार मूल्य लगभग पांच करोड़ रुपये दर्शाया गया था और नियमानुसार स्टाम्प ड्यूटी व पंजीयन शुल्क अदा किया गया। लेकिन इसके बाद जो हुआ, वह एक सोची-समझी साजिश की कहानी बन गया। वर्ष 2021 में उसी संपत्ति को जानबूझकर गलत तथ्यों और भ्रामक दस्तावेजों के सहारे दो अलग-अलग विक्रय पत्रों में मात्र 96.51 लाख रुपये में बेच दिया गया, जिससे सरकारी खजाने को गहरी चोट पहुंची।

#### दो विक्रय पत्र, एक संपत्ति और झूठ का जाल

आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ की जांच में सामने आया कि एक ही संपत्ति को दो अलग-अलग विक्रय पत्रों के माध्यम से एक ही क्रेता को बेचा गया। एक दस्तावेज में भूमि को सिंचित कृषि भूमि बताया गया, जबकि दूसरे में वेयरहाउस का क्षेत्रफल मात्र 418 वर्ग मीटर दिखाया गया। वास्तविकता इससे कोसों दूर थी। बाजार मूल्य को जानबूझकर बेहद कम दर्शाकर स्टाम्प ड्यूटी और पंजीयन शुल्क में भारी कटौती की गई। यह केवल कागज़ी गलती नहीं, बल्कि शासन को आर्थिक नुकसान पहुंचाने की सुनियोजित कोशिश थी। जांच में यह भी उजागर हुआ कि पंजीयन के समय पूर्व में हुए वास्तविक और उच्च मूल्य वाले विक्रय पत्र का उल्लेख तक नहीं किया गया।

#### स्थल निरीक्षण ने खोली सच्चाई

जब आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संपत्ति का भौतिक सत्यापन कराया, तो चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। स्थल निरीक्षण में पाया गया कि वेयरहाउस का वास्तविक क्षेत्रफल लगभग 2306.70 वर्ग मीटर है, जो विक्रय पत्रों में दर्शाए गए 418 वर्ग मीटर से कहीं अधिक है। जांच में ऐसा कोई प्रमाण नहीं मिला जिससे यह माना जा सके कि वेयरहाउस को तोड़ा गया था या उसका क्षेत्रफल कम हुआ था। इससे यह स्पष्ट हो गया कि दस्तावेजों में जानबूझकर झूठे तथ्य दर्ज किए गए। यही झूठ सरकार को करीब 24.19 लाख रुपये की स्टाम्प ड्यूटी और पंजीयन शुल्क की सीधी हानि का कारण बना।

#### ईओडब्ल्यू की कार्रवाई, कानून का शिकंजा

दस्तावेजी साक्ष्यों, पंजीयन विभाग की रिपोर्ट और स्थल निरीक्षण के निष्कर्षों के आधार पर आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ ने इस पूरे मामले को आपराधिक षड्यंत्र मानते हुए FIR दर्ज की है। आरोपियों पर भारतीय दंड संहिता की धारा 420, 120-बी, 467, 468 और 471 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। इस मामले में डॉ. रमन गोवर्धन अरोरा, मेसर्स कॉमकाक्स कमोडिटी एण्ड इंस्पेक्शंस प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े व्यक्ति, सुरेश प्रसाद कौशल, मेसर्स दर्पण रायपुर सहित अन्य संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। EOW की यह कार्रवाई उन सभी के लिए चेतावनी है, जो कागजों के खेल से सरकारी खजाने को नुकसान पहुंचाने की साजिश रचते हैं। जांच जारी है और आने वाले दिनों में इस घोटाले की परतें और भी खुलने की संभावना है।

## कायाकल्प योजना में सड़कों का डामरीकरण एक करोड़ 50 लाख से होगा डामरीकरण



**सीहोर।** शहर में नगर पालिका द्वारा कायाकल्प योजना के तहत सड़कों के डामरीकरण का काम किया जा रहा है, जिसमें सड़कों की मरम्मत का निर्माण शामिल है; इसके लिए सरकार द्वारा करोड़ों रुपये स्वीकृत किए गए हैं और कार्य तेजी से चल रहे हैं।

देर शाम को शहर के अनेक स्थानों पर कार्य किया जा रहा है। इसका निरीक्षण नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर सहित अन्य पार्षदों ने किया इस मौके पर उन्होंने कहाकि शहर के कोतवाली चौराहे से तहसील चौराहे पर सड़क डामरीकरण किया जा रहा है। इस मार्ग से रोज गुजरने वाले हजारों राहगीरों को राहत मिलेगी, इसके अलावा शहर के चरखा लाइन और खजांची लाइन आदि में भी कार्य किया जा रहा है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शहर में महानगर की तर्ज पर विकास कार्य किए जा रहे है। जिससे आने वाले दिनों में लोगों को राहत मिलेगी। वार्डों में जारी सड़कों निर्माण के साथ नालियों का निर्माण भी किया जा रहा है। इसके अलावा कायाकल्प योजना के अंतर्गत करीब 1 करोड़ 50 लाख की लागत से अनेक सड़कों का डामरीकरण आदि कार्य शीघ्र ही पूर्ण किया जाएगा।

## बहू-बेटियों को घूंघट से निकालें और शिक्षा से जोड़ें, जाट महासभा



**सीहोर।** शहर के मोर गार्डन में अखिल भारतीय जाट महासभा द्वारा एक भव्य सामाजिक सम्मेलन एवं नियुक्ति समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उमड़े जनसैलाब और वीर तेजाजी महाराज के जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा। इस अवसर पर समाज के संगठन को मजबूती देने के लिए नई नियुक्तियों की घोषणा की गई, जिसमें देवीलाल बेड़ा धोलपुर को जिले की कमान सौंपी गई।

मीडिया प्रभारी एवं युवा प्रदेश सचिव पत्रकार धनंजय जाट ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष विलास पटेल, राष्ट्रीय सचिव राजेंद्र सिंह पचोर, महिला प्रदेश अध्यक्ष अजुध्या गोदारा और युवा प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र वर्मा सम्मिलित हुए। अतिथियों के आगमन पर समाजजनों ने आतिशबाजी, ढोल-नगाड़ों और पुष्प वर्षा के साथ उनका भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ वीर तेजाजी महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन और महाआरती के साथ हुआ।

**नवनियुक्त पदाधिकारियों को सौंपे गए दायित्व** :महासभा ने संगठन का विस्तार करते हुए महत्वपूर्ण नियुक्तियां कीं। सीहोर जिलाध्यक्ष पद पर देवीलाल बेड़ा को नियुक्त किया गया। इसके साथ ही अन्य नियुक्तियां भी की गईं जिनमें कमल मुहवाल हरदा जिलाध्यक्ष, अनिल डुडी हरदा युवा जिलाध्यक्ष, नारायण जाट आष्टा ब्लॉक अध्यक्ष, सीमा अनिल जाट महिला इकाई आष्टा अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं। अतिथियों ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपकर उन्हें समाज हित में कार्य करने की शपथ दिलाई।

**घूंघट प्रथा बंद हो और बेटियां पढ़ें :** महिला प्रदेश अध्यक्ष अजुध्या गोदारा ने समाज में सुधार का आह्वान करते हुए घूंघट प्रथा को पूर्ण रूप से बंद करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बहू-बेटियों को समान अधिकार दें और उन्हें उच्च शिक्षा दिलाकर आगे बढ़ाएं। वहीं राष्ट्रीय सचिव राजेंद्र सिंह पचोर ने युवाओं से व्यवसाय और राजनीति के क्षेत्र में आगे आने की अपील की।

**जाट समाज बुद्धिजीवी और कर्मठ :** प्रदेश अध्यक्ष विलास पटेल ने समाज को संबोधित करते हुए कहा कि जाट समाज अत्यंत बुद्धिजीवी और दृढ़निश्चयी होता है। यदि जाट समाज कुछ ठान लेए तो उसे पूरा किए बिना नहीं रुकता। युवा प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र वर्मा ने खुशी जताई कि आज समाज की युवा पीढ़ी खेती के साथ-साथ शासकीय सेवाओं और उच्च पदों पर भी अपनी पहचान बना रही है।

कार्यक्रम में महिला जिलाध्यक्ष सविता नारायण जाट, नगर अध्यक्ष राजू जाट, महेश जाट, अर्जुन पटेल, अंबाराम, भागीरथ पचार, राजेश पटेल, मुकेश भीचर, जयप्रकाश दुक्तावा, रामकिशोर मुन्दीयाड़ा, प्रीतम सिंह, श्याम सिंह, गणेश जाट, बलराम जाट, बाबूलाल और महेश बालाजी सहित समस्त जाट समाज ने अतिथियों का साफा बांधकर और धर्म पटिका पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन आष्टा ब्लॉक अध्यक्ष नारायण जाट ने किया और आभार भागीरथ पचार द्वारा व्यक्त किया गया।

### कलेक्टर ने सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को सम्मान सहित प्रदान किए पीपीओ

# सेवानिवृत्ति विराम नहीं, अनुभव को समाज से जोड़ने का अवसर हैः कलेक्टर बालागुरू के.

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों के पीपीओ वितरण एवं सम्मान कार्यक्रम में कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त होना जीवन की सक्रियता पर विराम नहीं है। यह वह समय होता है जब व्यक्ति अपने सेवा काल में अर्जित अनुभवों को समाज और आने वाली पीढ़ी के लिए उपयोग में ला सकता है।

उन्होंने कहा कि जीवन निरंतर कर्म से चलता है और सेवा भावना किसी पद या दायित्व की मोहताज नहीं होती। समारोह के दौरान कलेक्टर बालागुरू के. द्वारा विभिन्न विभागों से सेवानिवृत्त हुए शासकीय सेवकों को साल-श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया तथा उन्हें पीपीओ प्रदान किए गए। इस दौरान कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि शासकीय सेवकों ने वर्षों तक प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारी अपने अनुभवों के माध्यम से परिवार, समाज और विभिन्न सामाजिक गतिविधियों में सकारात्मक योगदान दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि सेवा के दौरान सीखी गई अनुशासन, समयबद्धता और कर्तव्यनिष्ठा से समाज को भी दिशा मिलती है। कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि रिटायरमेंट के बाद व्यक्ति सामाजिक सरोकारों, जनहित कार्यों, पर्यावरण संरक्षण एवं जनजागरूकता जैसी गतिविधियों से जुड़कर स्वयं को सक्रिय रख सकता है। उन्होंने सभी सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को उनके समर्पित एवं सफल सेवाकाल के लिए बधाई दी और आगे भी समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत बने रहने की कामना की। कार्यक्रम में कलेक्टर बालागुरू के. ने कुल 27 शासकीय सेवकों को पीपीओ प्रदान किए। कार्यक्रम में जिला कोषालय अधिकारी नेहा सिंघई सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

### अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने दिवंगतों को श्रद्धांजलि दी

**सीहोर।** प्रकृति के चक्र से प्रत्येक जीव को गुजरना पड़ता है। उसी अनुक्रम में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा जिला सीहोर परिवार के वरिष्ठ ऊर्जावान मिलनसार हंसमुख स्वभाव वाले, नींव के पत्थर स्वर्गीय जितेन्द्र सिंह एवं सत्येन्द्र सिंह कुशवाहा के पिताजी व नीरज सिंह डालर, रजत सिंह, प्रिन्स के दादाजी एवं अर्पित सिंह गोल्डी के नानाजी ठाकुर जगरुपसिह कुशवाहा उम्र लगभग 90 वर्ष, वेटनरी सेवा से रिटायर्ड होकर सामाजिक कार्यों में व गई विशेष रुचि रखते थे। वह अपने भरे पूरे परिवार को छोडक़र महाकाल बाबा के श्रीं चरणों में स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार ग्राम बैरागढ़ गणेश वाले करण सिंह पंवार के भाई, भवानी सिंह, शिवालय सिंह, लक्ष्य सिंह पंवार के पिता व शिवनाथ सिंह के जीजा ठाकुर गजराज सिंह पंवार भी का देवलोकगमन हो जानें पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा जिला सीहोर के अध्यक्ष ठाकुर गणेश सिंह चौहान ,व कार्य कारणी पदाधिकारियों ठाकुर धीरेन्द्र सिंह राजावत, ठाकुर शैलेन्द्र सिंह चंदेल, महेंद्र सिंह चौहान,रमेश सिंह चौहान,क्रष्पालसिह सेंगर, सियाराम सिंह गोतम, ठा. राजेन्द्र सिंह,डा.महेन्द्रसिह राठौड़, जितेन्द्र सिंह राठौड़, मुकेश दरवार, गोपाल सिंह ठाकुर, शिवशंकर सिंह, उमेश राठौड़ आदि मौजूद थे।

### झोलाछाप डॉक्टरों के भरोसे गांव के लोगों की सेहत

# उपस्वास्थ्य केंद्रों पर ताले, मजबूरी में करा रहे निजी क्लीनिकों पर इलाज

सरकारी व्यवस्था के अनुसार उप स्वास्थ्य केंद्रों पर 24 घंटे एएनएम/सीएचओ की उपलब्धता और प्राथमिक इलाज की सुविधा होनी चाहिए। लेकिन हकीकत यह है कि सप्ताह के अधिकांश दिन केंद्र बंद रहते हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा




ग्रामीण क्षेत्रों में सुलभ और निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के सरकारी दावे जमीनी हकीकत में दम तोड़ते नजर आ रहे हैं। भैरूंदा तहसील के कई गांवों में बने उप स्वास्थ्य केंद्रों पर नियमित रूप से ताले लटके रहने से ग्रामीणों को इलाज के लिए या तो तहसील मुख्यालय के अस्पताल की दौड़ लगानी पड़ रही है, या फिर मजबूरी में झोलाछाप डॉक्टरों का सहारा लेना पड़ रहा है।

सरकारी व्यवस्था के अनुसार उप स्वास्थ्य केंद्रों पर 24 घंटे एएनएम/सीएचओ की उपलब्धता और प्राथमिक इलाज की सुविधा होनी चाहिए। लेकिन हकीकत यह है कि सप्ताह के अधिकांश दिन केंद्र बंद रहते हैं। इससे गर्भवती महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को समय पर इलाज और दवाएं नहीं मिल पा रहीं।


**रीठवाड़ और तिलाडिया में हालात बदतर, लगे मिले ताले:** भैरूंदा तहसील क्षेत्र के रीठवाड़ और तिलाडिया गांवों के उप स्वास्थ्य केंद्रों पर आए दिन ताले लटके दिखाई देते हैं। सोमवार को भी दोपहर 12:44 बजे रीठवाड़ और 1:18 बजे तिलाडिया उप स्वास्थ्य केंद्र बंद मिले। ग्रामीणों के अनुसार यहां पदस्थ सीएचओ और एएनएम सप्ताह में महज एक-दो दिन ही पहुंचती हैं। ग्रामीणों का कहना है कि एएनएम कार्यकर्ता सिर्फ टीकाकरण के समय केंद्र पर आती हैं। इससे गर्भवती महिलाओं का सीमित टीकाकरण तो हो जाता है, लेकिन बच्चों का समय पर टीकाकरण, वायरल फीवर, सर्दी-खांसी जैसी सामान्य बीमारियों का इलाज और दवाओं की उपलब्धता नहीं हो पाती।

#### ग्रामीणों की मांग रोजाना खुले उप स्वास्थ्य केंद्र नियमित रूप से सेवा उपलब्ध हो

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि एएनएम कार्यकर्ताओं का रोस्टर बनाया जाता है और उन्हें अलग-अलग क्षेत्रों में भेजा जाता है। वहीं ग्रामीण सवाल उठा रहे हैं कि यदि रोस्टर है, तो फिर उप स्वास्थ्य केंद्र अधिकांश दिन बंद क्यों रहते हैं और नियमित सेवाएं क्यों नहीं मिल पा रहीं है। ग्रामीणों की मांग है कि उप स्वास्थ्य केंद्रों पर नियमित रूप से स्टाफ की तैनाती सुनिश्चित की जाए, ताकि गर्भवती महिलाओं, बच्चों और मरीजों को समय पर इलाज और दवाएं मिल सकें। वरना स्वास्थ्य केंद्र सिर्फ नाम के रह जाएंगे और गांवों की सेहत यूं ही झोलाछाप डॉक्टरों के भरोसे चलती रहेगी।

#### इलाज के लिए मुख्यालय की दौड़, बढ़ा आर्थिक बोझ

उप स्वास्थ्य केंद्र बंद रहने से ग्रामीणों को इलाज के लिए सिविल अस्पताल भैरूंदा जाना पड़ता है। दूरी, समय और यात्रा खर्च के कारण गरीब परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। कई बार तत्काल इलाज न मिलने की स्थिति में लोग झोलाछाप डॉक्टरों के पास जाने को मजबूर हैं, जो ग्रामीणों की सेहत के लिए गंभीर खतरा बन रहा है।



#### क्या बोले विकासखंड स्वास्थ्य अधिकारी

सीबीएमओ मनीष सारस्वत ने बताया कि तीन दिन तो उप स्वास्थ्य केंद्र पर सीएचओ और एएनएम को रहना अनिवार्य है, मीडिया के द्वारा जानकारी प्राप्त हुई है। इस संबंध में जानकारी ली जाएगी।

## 4 करोड़ की लागत से 4.50 किमी सड़क का भूमिपूजन, ग्रामीणों को मिलेगा विकास का नया मार्ग



**भैरूंदा।** भैरूंदा तहसील के लाड़कई मंडल क्षेत्र में ग्रामीण विकास की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। सोमवार को हाथीघाट से पांचोर तक बनने वाली लगभग 4.50 किलोमीटर लंबी सड़क का ₹4 करोड़ की लागत से भूमिपूजन कार्यक्रम विधिवत रूप से संपन्न हुआ। इस सड़क के निर्माण से क्षेत्र के कई गांवों को सीधी और सुगम यातायात सुविधा उपलब्ध होगी।

भूमिपूजन कार्यक्रम में पवन मीणा ने विधिवत पूजा-अर्चना कर सड़क निर्माण कार्य की शुरुआत कराई। उन्होंने कहा कि यह सड़क केवल आवागमन का साधन नहीं, बल्कि क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास की रीढ़ साबित होगी।

#### ग्रामीणों को मिलेगा सीधा लाभ

हाथीघाट–पांचोर सड़क के निर्माण से न केवल इन दोनों गांवों, बल्कि आसपास के अन्य ग्रामीण क्षेत्रों को भी बड़ी सहूलियत मि ले गी । किसानों को अपनी उपज मंडियों तक पहुंचाने में आसानी होगी, छात्रों और मरीजों का आवागमन सुगम होगा तथा आपातकालीन सेवाओं तक पहुंच तेज़ होगी।

#### दो सड़कों का एक साथ भूमिपूजन

इस अवसर पर पांचोर से हाथीघाट की लगभग 4.50 किमी सड़क और पांचोर से टप्पर लगभग 600मीटर लंबी सड़क दोनों सड़क मार्गों का भी भूमिपूजन किया गया। ग्रामीणों ने इस पहल को क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक बताते हुए मंडल अध्यक्ष पवन मीणा के प्रयासों की सराहना की।

**जनप्रतिनिधि व ग्रामीण रहे मौजूद :** कार्यक्रम में दशरथ, अरविंद, बबलू, लोकेश, संबंधित सरपंच सहित दोनों गांवों के वरिष्ठजन एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में सड़क निर्माण को क्षेत्रीय विकास की मजबूत नींव बताया।

## मोटर चोरी करने वालों को पुलिस ने किया गिरफ्तार, मोटर जब्त



**रेहटी।** पुलिस अधीक्षक सीहोर दीपक कुमार शुक्ला द्वारा सम्पति संबंधी अपराधों में पतारसी एवं बरामदगी हेतु दिए गए निर्देशों के तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीहोर सुनीता रावत तथा ए स डी ओ पी बुधनी रवि शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रेहटी निरीक्षक राजेश कहारे के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए मोटर चोरी के आरोपियों को गिरफ्तार कर 1 जलपरी मोटर जप्त की गई।

फरियादी श्यामबाबू पिता नारायण सिंह चौहान, उम्र 37 वर्ष, निवासी ग्राम चकल्दी, थाना रेहटी ने.रेहटी थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी कृषि भूमि ग्राम चकल्दी में कुएँ के अंदर 7.5 हॉर्स पावर की ओपन बोरबेल जलपरी मोटर टोचन के माध्यम से लगी हुई थी, जिससे सिंचाई की जाती थी किसी अज्ञात चोर द्वारा रात में मोटर चोरी कर ली गई। चोरी गई मोटर व टोचन की कुल कीमत लगभग तीस हजार रुपये है। रेहटी पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर निरीक्षक राजेश कहारे के नेतृत्व में टीम गठित की गई। मुखबिर की सूचना के आधार पर ग्राम चकल्दी में संदेही राहुल चौहान से पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान उसने अपने साथी संदीप वर्मा के साथ मिलकर फरियादी श्यामबाबू चौहान के खेत से मोटर चोरी करना स्वीकार किया।।

आरोपियों के कब्जे से लगभग 30,000/- रुपये की 01 जलपरी मोटर जब्त कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी रेहटी निरीक्षक राजेश कहारे, टीम प्रभारी उप निरीक्षक महेश सिंह धुर्वे, प्रधान आरक्षक जयनारायण, आरक्षक अभिषेक यादव, आरक्षक संतोष कुमार एवं आरक्षक विकास की सराहनीय भूमिका रही।

## श्री सत्य सांई विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय गणित दिवस कार्यक्रम का हुआ आगाज



**सीहोर।** श्री सत्य साईं विश्वविद्यालय में चार दिवसीय राष्ट्रीय गणित दिवस का शुभारम्भ विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मुकेश तिवारी के संरक्षण में किया गया है जिसके प्रथम दिवस में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन माननीय कुलपति डॉ. मुकेश तिवारी, मुख्य अतिथि एवं वक्ता अशोक राठौर सेवानिवृत्त शिक्षक एक्सीलेंस स्कल सीहोर एवं अजीम अंसारी लेक्चरार ग्लोबल इंस्टिट्यूट सीहोर , कुलसचिव डॉ हेमंत शर्मा,परीक्षा नियंत्रक डॉ संजय राठौर , डॉयरेक्टर डॉ मोहित गंगवार स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग के डीन डा राजेंद्र सिंह कुशवाह ने संयुक्त रूप से किया।

यह कार्यक्रम मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (एमपीसीएसटी), भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ । कुलसचिव डॉ हेमंत शर्मा ने कहा राष्ट्रीय गणित दिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य हमारे दैनिक जीवन पर गणित के गहन प्रभाव के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। डॉ संजय राठौर ने श्रीनिवास रामानुजन के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों को रामानुजन की तरह ही अपने देश को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने की प्रेरणा दी। वहीं वक्ता अशोक राठौर ने कहा कि गणित हमारे दैनिक जीवन से लेकर के हमारे जीवन के हर हिस्से तक जुड़ा हुआ है. आज टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में प्रगति के पीछे गणित का अहम योगदान है. वक्ता अनीस अंसारी ने छात्रों को गणित तथा रामानुजन के विषय में विस्तारपूर्वक बताते हुए प्रोत्साहित किया. कार्यक्रम के दौरान ही राष्ट्रीय गणित दिवस 2025 के आयोजन में क्विज एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। प्रोफ़ेसर रंजित कुमार पूसे एवं डॉ गीता खूबचंदानी कार्यक्रम की संयोजिका एवं देवेंद्र पटले एवं अंकित जोशी कार्यक्रम के सहसंयोजक रहे और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. रश्मि द्विवेदी ने किया। इस कार्यक्रम में मंच संचालन देश दीपक के द्वारा किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के गणमान्य लोगों के साथ सभी प्रतिभागी उपस्थित रहे।

### सर्वेश चौहान को पितृशोक



**रेहटी।** नगर रेहटी के युवा पत्रकार सर्वेश चौहान (चिंटू) के पिता महेश प्रसाद चौहान (मामा पोहे वाले) का पिछले दिनों निधन हो गया। निधन की खबर के साथ ही नगर रेहटी की सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। मिलनसार प्रवृत्ति के स्वर्गीय महेश प्रसाद सबके प्रिय थे। हमेशा सबकी मदद करने वाले एवं सबको हंसने हंसाने वाले व्यक्तियों में से महेश प्रसाद का नाम आता था। उनके निधन के बाद उनका अंतिम संस्कार मां नर्मदा के तट आंवलीघाट पर किया गया। जिसमें क्षेत्र के जनप्रतिनिधि सहित नगरवासी एवं क्षेत्रवासी मौजूद थे रहे। पत्रकार सर्वेश चौहान के पिता के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। लगातार लोग अपनी शोक संवेदनाए व्यक्त करने उनके निवास पर पहुंच रहे है।

## शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में रामानुजन जयंती मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सोमवार को, उत्कृष्ट विद्यालय सीहोर में महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती उत्साहपूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर संस्था प्राचार्य सुनीता जैन मैडम और गणित संकाय के एचओडी डॉ. राजेंद्र देशमुख ने रामानुजन के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

छात्रों ने गणित प्रतियोगिताओं में भाग लिया और रामानुजन के जीवन और उनके गणित में योगदान के बारे में जानकारी प्राप्त की। रामानुजन जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में संस्था प्राचार्य सुनीता जैन मैडम और गणित संकाय के एचओडी डॉ . राजेंद्र देशमुख ने रामानुजन की गणित की उपलब्धियां के बारे में चर्चा की बच्चो ने गतिविधियों के माध्यम से गणित को समझाया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों ने रामानुजन के जीवन और उनके गणित में योगदान के बारे में छात्रों को संबोधित किया।

रामानुजन की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में छात्रों ने भी गणित के महत्व और इसके उपयोग के बारे में बताया गया। डॉक्टर राजेंद्र देशमुख जी ने कहा कि छात्रों को रामानुजन के जीवन से प्रेरणा लेना चाहिए। और उन्हें गणित में रुचि बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में इस अवसर पर संतोष सोनी सर एस के पाठक सर रामवृक्ष भारद्वाज सर, कुबेर सर, नेहा मैडम, महेश सर, डॉक्टर देवेंद्र साहू सर उपस्थित रहे।

### अधिवक्ता वरेन्द्र श्रीवास्तव की पुण्यतिथि पर किए श्रद्धासुमन अर्पित



**सीहोर।** अधिवक्ता साथी स्वर्गीय वीरेंद्र श्रीवास्तव की पुण्य तिथि पर उनके चेंबर में विजय सक्सेना के मुख्य अतिथ्य व कुतुबुद्दीन शेख की अध्यक्षता में शोक श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर श्री श्रीवास्तव के चित्र के समक्ष सभी उपस्थितजनों ने श्रद्धासुमन अर्पित कर उनको याद किया। इस अवसर पर पुस्तकालय अध्यक्ष श्रवण वास्तवार, शिव सोलंकी अध्यक्ष, उनके पुत्र अनुज श्रीवास्तव, संजय पटेल, विजय अग्रवाल, दीपक राठौड़, हर्ष वास्तवार, मनीष राठौर आदि उपस्थित रहे।

### तहसील चौराहा स्थित गांधी पार्क में किया एक दिवसीय विशाल धरना प्रदर्शन

# भाजपा सरकार इस योजना का नाम बदलकर योजना को बंद करने की कर रही कोशिश : राजीव गुजराती

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी और मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश अनुसार रविवार को जिला कांग्रेस कमेटी सीहोर के तत्वावधान में जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती की अध्यक्षता में केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना का नाम और रोजगार की गारंटी का स्वरूप बदल कर गरीबों का हक छीने जाने के विरोध में एक दिवसीय विशाल धरना प्रदर्शन सीहोर के तहसील चौराहा स्थित गांधी पार्क में किया गया।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती अध्यक्षता मे विशेष अतिथि के रूप में जिले के सहप्रभारी दिनेश मेघानी, पूर्व विधायक शैलेन्द्र पटेल उपस्थित रहे। सर्वप्रथम पार्क में स्थित गांधीजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात विधायक ने सभी को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार द्वारा श्रमिकों के अधिकारों और उत्तरदायित्वों को समाप्त करते हुए जन कल्याणकारी योजनाओं को खत्म करने की साजिश कर रही है तभी वह महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना का नाम बदलकर इस जन्म कल्याणकारी योजना से महात्मा गांधी जी के नाम और मूल्यों को मिटाने का सुनियोजित षड्यंत्र कर रही है। सह प्रभारी दिनेश मेघानी ने कहा कि इस योजना में राज्यों पर हिस्सेदारी का बोझ डालकर केंद्र सरकार अपनी जिम्मेदारी से भाग रही है। यह बदलाव करके केंद्र सरकार जनता के काम के कानूनी अधिकार को ही समाप्त करना चाहती है।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता ओमदीप राठौर ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा निचले तबके के लोगों को ऊपर लाने के लिये कई तरह की जनकल्याणकारी योजना बनाई जिसमें एक मनरेगा थी, आज इस योजना का नाम व वह लोग बदल रहे है, जिनका आजादी के आन्दोलन में कोई योगदान नही था, वह ऐसा करके अपने-आपको स्थापित करना चाह रहे हैं। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजीव गुजराती ने कहा कि जब डॉ. मनमोहन सिंह जी प्रधानमंत्री थे, तब संसद में मनरेगा कानून आम राय से पास किया गया था। यह ऐसा क्रांतिकारी कदम था, जिसका फायदा करोड़ों ग्रामीण परिवारों को मिला था। खासतौर पर वंचित, शोषित, गरीब और अतिगरीब लोगों के लिए रोजी-रोटी का जरिया बना।

रोजगार के लिए अपनी माटी, अपना गांव, अपना घर-परिवार छोडकऱ पलायन करने पर रोक लगी। रोजगार का कानूनी हक़ दिया गया, साथ ही ग्राम पंचायतों को ताकत मिली। मनरेगा के जरिए महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज के सपनों के भारत की ओर एक ठोस कदम उठाया गया। पिछले 11 साल में मोदी सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों के बेरोजगार, गरीबों और वंचितों के हितों को नजरअंदाज कर मनरेगा को कमजोर करने की हर कोशिश की, जबकि कोविड के समय यह गरीब वर्ग के लिए संजीवनी साबित हुआ था। जनहित में हम सब इसका पुरजोर विरोध करते हैं और जनता के हक लिये आगे भी लड़ाई जारी रहेगी। आभार वरिष्ठ कांग्रेस नेता जफरलाल ने व्यक्त किया एवं कार्यक्रम का संचाल सुनील दुबे ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से राममूर्ति शर्मा, महेश दयाल चौरसिया, ओम वर्मा, रासिद खाँ, राजेन्द्र वर्मा, धर्मेन्द्र ठाकुर, जाफर लाला, नईम नवाब, कमलसिंह चौहान, प्रीतम दयाल चौरसिया, ओम बाबा राठौर, राजेश भूरा यादव, विवेक राठौर, घनश्याम यादव, राकेश वर्मा, रघुवीर सिंह दांगी, सुदीप व्यास, इरफान लाला, मजीद अंसारी, गुलाब बाई ठाकुर, गुड्डु जाहिद, अजय पटेल, संजय हवेली, देवेन्द्र ठाकुर, धर्मेन्द्र ठाकुर, अर्विन्द ठाकुर, मनोज पटेल, घनश्याम मीणा, संतोष पटेल, रामनारायण शर्मा, कलीम पठान, सुनील गोलिया, गिरवर चौहान,महेश मु दिखड़ी, जाहिद गुडडू,घनश्याम जांगड़े, जाहिद गुडडू, के.के.रिछारिया, तुलसी राजकुमार राठौर, भगत सिंह तोमर, कमलेश चाण्डक, मनीष मेवाड़ा, यश यादव, गजराज परमार, ब्रजेश पाटिदार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## हम मातृभूमि की रक्षा के लिए सर्वस्व अर्पण कर दें: पं. मोहितराम पाठक



**सीहोर।** भगवान श्री गणेश ने माँ पार्वती की आज्ञा पालन के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे। भगवान शंकर से उनका युद्ध हुआ माँ की आज्ञा पालन करने वचन निभाते हुए प्राण त्याग दिए थे और भगवान शंकर ने अपने त्रिशूल से भगवान श्री गणेश का मुख काट दिया था, हमें भी अपनी मातृभूमि वसुंधरा की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च न्यौछावर करने के लिये सदैव तत्पर रहना होगा। यही श्री कुलेश्वर शिव पुराण का सार है। उक्त उद्गार सीहोर से पधारे कथा व्यास परम गौभक्त क्रांतिकारी राष्ट्रीय संत पंडित मोहितरामजी पाठक सीहोर वालों ने खरेंगा धमतरी छत्तीसगढ़ की पावन भूमि पर साहू परिवार द्वारा आयोजित सप्त दिवसीय श्री कुलेश्वर शिव महापुराण कथा के चतुर्थ दिवस व्यक्त किए, आगे कथा में वर्णन करते हुए कहा कि भगवान गणेश ने मातृ आज्ञा का पालन किया हम सभी को भी अपने सनातनी हिंदू होने का कर्तव्य निभाना चाहिए और भारत की एकता अखंडता सनातन धर्म की रक्षा हमारी संस्कृति संस्कार की रक्षा, गौ-माता की रक्षा के लिए हमको अपना सनातन सर्वोपरि कर देना चाहिए। जिस प्रकार शिव महापुराण में भगवान गणेश ने मातृ आज्ञा का पालन कर अपने प्राण त्याग दिए थे, हमें भी संकल्प लेना है कि अपने इस शरीर मन क्रम वचन के द्वारा हम सनातन धर्म की सेवा रक्षा एवं अपने राष्ट्र की अखंडता बनाकर रखें। छत्तीसगढ़ का एक-एक शिव भक्त भगवान राम के ननिहाल दक्षिण कौशल की पावन भूमि पर हो रहे धर्मांतरण जैसे घोर पाप को रोकने के लिए मिलकर हम सभी लोगों को एक जुटता के साथ कार्य करना होगा। आयोजन समिति ग्राम खरेंगा एवं साहू परिवार ने संपूर्ण क्षेत्रवासियों से पंचम दिवस की कथा में पधार कर धर्म लाभ लेने का आग्रह किया।

### दो घंटे चले धरना प्रदर्शन उपरांत नारेबाजी करते हुए निकाली रैली, पहुंचे कलेक्टोरेट

# ई-अटेंडेंस के विरोध में मुख्यालय पर जुटे सैंकड़ों शिक्षक, सौंपा ज्ञापन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

राज्य शिक्षक संघ से जुड़े जिले के सैंकड़ों शिक्षकों ने इस बार अपनी मांगों के संबंध में अलग रुख अख्तियार किया। स्कूलों में शिक्षण कार्य प्रभावित न हो इसको देखते हुए संघ से जुड़े जिले के सैकड़ों शिक्षक रविवार को मुख्यालय पर एकत्रित हुए और अपनी विभिन्न मांगों के संबंध में खिलचीपुर नाका स्थित पार्क में धरना दिया। करीब 2 घंटे तक चले धरना, प्रदर्शन एवं सभा के उपरान्त सभी शिक्षकगण नारेबाजी करते हुए एक अनुशासित रैली के रूप में कलेक्टोरेट पहुंचे जहां मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा गया। राज्य शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सुरेश दांगी के नेतृत्व में सौंपे गए इस ज्ञापन में शिक्षा विभाग में अनिवार्य की गई ई-अटैंडेंस प्रणाली को पूर्णतः खत्म किए जाने की मांग रखी गई।

### शिक्षक समुदाय की निजी जानकारी हो रही लीक

संघ पदाधिकारियों व सदस्यों ने सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख किया कि ई-अटेंडेंस प्रणाली व्यवहारिक दृष्टि से कई गंभीर समस्याएं उत्पन्न कर रही हैं। इससे शिक्षकों का निजी एवं विभागीय डेटा निजी संस्था, निजी एप के माध्यम से संकलित किया जा रहा है जिससे गोपनीयता खत्म हो रही है और भविष्य में शिक्षकों के साथ किसी भी तरह के फ्रॉड इत्यादि की पूरी संभावना है। इसके साथ ही ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि जिले के अधिकांशविद्यालय दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित हो रहे हैं जहां नेटवर्क की समस्या आ रही है। इंटरनेट एवं नेटवर्क जैसी तकनीकी समस्याओं की वजह से जिन शिक्षकों की ऑनलाईन अटेंडेंस नहीं लग पाती उन्हें विभाग नोटिस थमाने, वेतन रोकने सहित अन्य दंडात्मक कार्यवाहियां कर रहा है।

### पूर्व में हुई कार्यवाहियों को निरस्त करने की मांग

ज्ञापन में मांग रखी गई कि ई-अटेंडेंस न लगने के चलते पूर्व में जिन शिक्षक साथियों पर विभिन्न तरह की कार्यवाहियां की गई हैं, उन आदेशों को तुरंत निरस्त किया जाए। साथ ही कर्मचारियों के रोके गए वेतन का भी अविलंब भुगतान किया जाए। इस अवसर पर संघ पदाधिकारियों में मुकेश विजयवर्गीय, राधेश्याम पुरवैया, नाहिद खान, जगदीश किरार, योगेंद्र मंडलोई, वंदन दासोरे, राजेश शर्मा, रामकरण मालवीय, ईश्वर सिंह चौहान, रामकृष्ण वर्मा आदि उपस्थित थे।

### तत्कालीन कलेक्टर के प्रयासों से हुआ था यह नवाचार

# देखरेख के अभाव में उजड़ी डाइट परिसर स्थित नक्षत्र वाटिका




**राजगढ़।** स्थानीय जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) परिसर में कुछ वर्षों पूर्व ग्रह एवं नक्षत्रों की परिकल्पना के आधार पर नक्षत्र वाटिका डेवलप की गई थी। तत्कालीन कलेक्टर नीरज कुमार सिंह के प्रयासों के बाद डाईट से ही जुड़े कर्मचारियों ने नक्षत्र वाटिका को सुंदर एवं आकर्षक रूप देने यहां ग्रहों के आधार पर विभिन्न किस्मों के पौधे रौपे थे। लेकिन, ये पौधे पल्लवित होकर पेड़ बन पाते उसके पहले ही उचित देखरेख के अभाव में यह वाटिका पूरी तरह उजड़ चुकी है। कोई भी पौधा वृक्ष नहीं बन पाया है। इन पौधों में पानी देनेएक विशेष तकनीक भी वाटिका के लिए विकसित करवाई गई थी। लेकिन, उस तकनीक का इस्तेमाल नहीं किए जाने एवं डाईट सहित अन्य जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते वाटिका अब महज शोपीस बनकर

### ग्रहों, नक्षत्रों के आधार पर रौपे गए थे पौधे

इस नक्षत्र वाटिका में ग्रहों के नाम और उनसे संबंध रखने विभिन्न किस्मों के अनेकों पौधे जैसे नागकेशर, भोजपत्र, आंवला, गुडहल, जामुन आदि रौपे गए थे। लेकिन, एक भी पौधा पनप नहीं पाया और वर्तमान स्थिति में यह वाटिका पूरी तरह उजाड़ नजर आ रही है। अगर विभाग के अधिकारी, कर्मचारी प्रयास करें तो इस वाटिका को पुनः जीवंत रूप प्रदान करते हुए एक आकर्षक रूप दिया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि इस वाटिका के शुभारंभ अवसर पर क्षेत्रीय सांसद सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी इस पहल की काफी सराहना की थी।

## एक दिवसीय भगवत कथा में उमड़ा भक्तों का जन सैलाब

**ब्यावरा।** संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में हिन्दू सम्मेलन व एक दिवसीय भागवत कथा ग्राम करेड़ी में मंडी परिसर में सम्पन्न हुई भागवत कथा वाचक गुरुदेव प्रेम नारायण गेहूं खेड़ी ने बताया की मनुष्य को अपने जीवन का यहां नियम बना लेना चाहिए की भगवान की भक्ति के साथ संसार की सेवा हो जाए वहीं कथा में कहा गया कि



एक माला सरहद पर बेटे हमारे देश के सैनिक उन के लिए भी जापनी चाहिए जिससे उन को शक्ति प्रधान हो ओर ओ सीमा पर रहकर हमारे देश की रक्षा करे कथा में गुरुदेव ने बताया कि भक्त मीरा बाई ने कितनी कठिनाई में भी ईश्वर की भक्ति की ओर कृष्ण को पा लिया था एक दिवसीय कथा में दूर दराज राजस्थान सहित आसपास के ग्रामीण श्रद्धालु हजरों की संख्या में धर्म लाभ लेने पहुंचे। वहीं कथा के बाद महा आरती उतारी गई और महाप्रशादी वितरण की गई।

# सप्त शक्ति संगम के द्वितीय सोपान में नारी शक्ति का विराट स्वरूप, मातृशक्तियों की सहभागिता से गूंजा विद्यालय परिसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कालापीपल

विद्या भारती के मार्गदर्शन में सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सरस्वती कॉलोनी कालापीपल में आयोजित सप्त शक्ति संगम के द्वितीय सोपान का आयोजन मातृशक्ति के उत्साह, भारतीय संस्कारों और नारी गरिमा के भाव से ओतप्रोत वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में 1000 से अधिक मातृशक्तियों ने सहभागिता की। विद्यालय परिसर में ऐतिहासिक नारी शक्तियों की चित्र प्रदर्शनी तथा द्वादश ज्योतिर्लिंगों सहित भारत दर्शन की झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही, जिसने भारत की सांस्कृतिक और धार्मिक एकता को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया।



मुख्य वक्ता डॉ. पिंकी हार्डिया ने अपने ओजस्वी संबोधन में नारी के सप्त गुण—कीर्ति, श्री, वाक, मेधा, स्मृति, धृति और क्षमा—का वर्णन करते हुए कहा कि नारी केवल परिवार की धुरी नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के निर्माण की आधारशिला है। उन्होंने कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण में मातृशक्ति की भूमिका तथा अन्नप्राशन संस्कार के महत्व पर भी विचार रखे। कार्यक्रम की प्रस्तावना सप्तशक्ति संगम की पालक अनीता राजपूत ने प्रस्तुत की, जिसमें उन्होंने नारी को संस्कारों की संवाहिका बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रीति उपाध्याय ने की। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के अंतर्गत विद्यालय की बालिकाओं द्वारा सरस्वती वंदना, सामूहिक गीत तथा वीरांगनाओं रानी लक्ष्मीबाई, पद्मावती, देवी सीता, मीराबाई और जीजामाता के जीवन प्रसंगों पर आधारित मनोहारी प्रस्तुतियाँ दी गईं।

इसी क्रम में एक अभिभावक मातृशक्ति द्वारा स्वयं जीजामाता का स्वरूप धारण कर अपने नन्हे बच्चों को छत्रपति शिवाजी महाराज के रूप में मंच पर प्रस्तुत करना कार्यक्रम का अत्यंत भावनात्मक एवं प्रेरणादायी क्षण रहा, जिसने मातृत्व, संस्कार और राष्ट्रभक्ति के जीवंत दर्शन कराए। कार्यक्रम में कुटुंब माता सम्मान के अंतर्गत शांताबाई पाटीदार, कमलेश मेवाड़ा एवं भगवतीबाई मेवाड़ा को सम्मानित किया गया। वहीं रामकाज मातृशक्ति सम्मान के अंतर्गत अयोध्या राम मंदिर निर्माण हेतु कार सेवा में सहभागिता निभाने वाली मातृशक्तियां राजकुंवर पाटीदार, किरण पाटीदार एवं निर्मला पाटीदार का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में प्रबंध समिति अध्यक्ष कमल सिंह परमार, व्यवस्थापक गोवर्धन पाटीदार, समिति सदस्य मनोज जैन, प्राचार्य प्रवीण देशपांडे, प्रधानाचार्य सुभाष काले एवं अंग्रेजी माध्यम प्रभारी राजेंद्र देशमुख की विशिष्ट उपस्थिति रही।

# सीता-सावित्री जैसे आदर्श स्थापित करें : अनिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कालापीपल

मालवा प्रांत विद्या भारती एवं ग्राम भारती के संयुक्त तत्वावधान में सरस्वती शिशु मंदिर, लसूडिया गोरी में आयोजित सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता अनीता भगवत राजपूत, पार्षद नगर परिषद पानखेड़ी (कालापीपल) ने मातृशक्तियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय नारी ने वैदिक काल से लेकर वर्तमान समय तक समाज और राष्ट्र निर्माण में अतुलनीय योगदान दिया है।

उन्होंने कहा कि सीता, सावित्री, गार्गी एवं मैत्रेयी जैसे आदर्शों से प्रेरणा लेकर आज की मातृशक्ति को परिवार और बच्चों में ऐसे संस्कारों का बीजारोपण करना चाहिए, जिससे समाज सशक्त बने और राष्ट्र निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर हो। उन्होंने कहा कि आज मातृशक्ति सामाजिक, शैक्षणिक, आर्थिक एवं राजनीतिक क्षेत्रों में नेतृत्वकारी भूमिका निभा रही




है, जो भारत की सांस्कृतिक शक्ति का प्रमाण है। कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के आचार्य-दीदी, विद्यालय के प्रधानाचार्य रितेश पाटीदार एवं ब्रजलता धाकड़, ज्योति भारती विद्यालय संयोजक जीतमल पाटीदार सहित बड़ी संख्या में मातृशक्तियां उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के अंत में अनिता भगवत राजपूत द्वारा मातृशक्तियों को सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय सहभागिता का संकल्प दिलाया।

# शीतकालीन सेवा अभियान के तहत खुशियों का ओटला ने जरूरतमंदों को बांटी शॉल



**ब्यावरा।** कड़ाके की ठंड के बीच जन सहयोग से संचालित सामाजिक संस्था 'खुशियों का ओटला' द्वारा ब्यावरा शहर में शीतकालीन सेवा अभियान के अंतर्गत मानवीय सेवा का सराहनीय कार्य किया गया। संस्था की ओर से इस अभियान के तहत जरूरतमंद लोगों को शॉल वितरित कर ठंड से राहत पहुँचाई गई। इस सेवा कार्यक्रम में संस्था द्वारा जन सहयोग से प्राप्त 200 शॉल जरूरतमंदों को वितरित की गईं, वहीं 90 बच्चों को गर्म कपड़े भी प्रदान किए गए, जिससे ठंड के मौसम में उन्हें सुरक्षित व आराम मिल सके। संस्था द्वारा चलाए जा रहे 'शीतकालीन सेवा अभियान' के अंतर्गत इस वर्ष 1000 शॉल वितरण का लक्ष्य रखा गया है।

संस्था के अनुसार अब तक 560 शॉल जरूरतमंदों तक पहुँचाई जा चुकी हैं, जबकि शेष शॉल का वितरण आने वाले दिनों में शहर एवं आसपास के जरूरतमंद क्षेत्रों में किया जाएगा। इस अवसर पर संस्था के संचालक डॉ. सुरजीत सिंह ने बताया कि यह अभियान गरीब वा जरूरतमंद उन लोगों तक सहायता पहुँचाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है, जो सर्दी के मौसम में सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। उन्होंने कहा कि शहर के सामाजिकजनों के सहयोग से यह सेवा कार्य निरंतर आगे बढ़ रहा है वही सस्था के जीरापुर के स्टॉल पर भी निरंतर सेवा कार्य किया जा रहा है।

### भाजपा की विधानसभा स्तरीय कार्यशाला आयोजित हुई

# विकास-सेवा और सुशासन के 2 वर्ष बेमिसाल

**सारंगपुर।** मध्य प्रदेश सरकार के सफल दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रविवार को सारंगपुर में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की और संगठनात्मक गतिविधियों पर सार्थक संवाद किया गया।कार्यशाला के दौरान लोकसभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के प्रेरणादायी संबोधन का सामूहिक रूप से श्रवण किया गया। उनके विचारों ने कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जाए उत्साह और संगठन के प्रति समर्पण की भावना को और अधिक




सुदृढ़ किया। वक्ताओं ने सरकार के दो वर्षों के कार्यकाल को विकासए सेवा और सुशासन के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियों से भरपूर बताया। इस अवसर पर विधानसभा प्रभारी द्वारा एसआईआर यस्पेशल इंटेंसिव रिवीजनद्ध कार्य में पार्टी कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका की सराहना की गई। उन्होंने मतदाता जागरूकता एवं संगठन विस्तार के लिए निरंतर सक्रिय रहने का संदेश देते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत ही लोकतंत्र की मजबूती का आधार है। कार्यक्रम में राज्य मंत्री गौतम टेटवाल, सांसद रोडमल नागर, जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर, एसआईआर जिला प्रभारी गजेंद्र सिंह सिकरवार सहित अनेक जनप्रतिनिधि पदाधिकारी एवं समर्पित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

### राज्यमंत्री टेटवाल ने किया मार्गदर्शन

# बालिका छात्रावास में वार्षिक दीक्षांत समारोह आयोजित



**सारंगपुर।** वर्तमान समय में सोशल मीडिया ऐसा माध्यम हैए जो हमें सकारात्मक दिशा देने के साथ साथ नकारात्मक दिशा की ओर भी मोड़ सकता है। इसलिए सोशल मीडिया का उपयोग सोच समझकर और सकारात्मक उद्देश्य से करना चाहिए। हमारी बहनें आज हर क्षेत्र में देश का नेतृत्व कर रही हैं। हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर में भी हमने बहनों की ताकत देखी है। देश की रक्षा से लेकर बड़े बड़े पदों तक आज बहनें कार्य कर रही हैं। आप सभी को भी आगे बढ़कर देश का नेतृत्व करना है। उक्त विचार राज्य मंत्री डॉ गौतम टेटवाल ने बालिका छात्रावास द्वारा आयोजित वार्षिक दीक्षांत समारोह में व्यक्त किए। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। छात्रावास अधीक्षक रजनी व्यास ने कार्यक्रम की भूमिका रखी। इस अवसर पर छात्रावास की छात्राओं द्वारा गणपति वंदनाए स्वागत गीतए स्वागत नृत्यए नाटक एवं स्वरचित गीतों की आकर्षक प्रस्तुतियाँ दी गईं। कक्षा 11वीं की छात्राओं ने कक्षा 12वीं की छात्राओं को उपहार भेंट कर भावभीनी विदाई दी। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि कक्षा 12 उत्तीर्ण करने के बाद भी शिक्षा की यात्रा निरंतर जारी रहनी चाहिए और सभी को अपने लक्ष्य की ओर निरंतर अग्रसर रहना चाहिए।

### एक साल पहले ही भरभरा कर गिरा था नदी केचमेंट ऐरिया में बन रहा मकान, हुई थी 1 मौत

रसूक के चलते नियमों को ताख पर रख हो रहा मल्टी स्टोरी बिल्डिंग का निर्माण

# फिर बन गई डूबग्रस्त क्षेत्र में बहुमंजिला इमारत

## पूर्व में भी हो चुकी है डूब क्षेत्र में बिल्डिंग गिरने की घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

नगरपालिका का वार्ड नंबर 3 एवं ग्राम पंचायत जामुनिया घाटा के गांव नयापुरा जैसे डूब क्षेत्र में नियमों को ताख पर रखकर मकानों व बहुमंजिला इमारतों का निर्माण लगातार होता जा रहा है। जहां पर यह बहुमंजिला इमारत बन रही है वहां से अजनार नदी की दूरी मात्र 15 से 20 मीटर ही होगी। ऐसी स्थिती में ग्राम पंचायत ने डूब क्षेत्र में बहुमंजिला इमारत बनाने की अनुमति कैसे दे दी जबकि बारिश के समय यह रास्ता हर साल बंद होता है और बाढ़ के पानी का भराव बन रही बिल्डिंग एरीया तक भी होता है। उल्लेखनीय है कि 2024 में भी इसी पंचायत के नयापुरा गांव के डूब क्षेत्र में ही बन रही एक बहुमंजिला इमारत धराशाही हो गई थी जिसमें दबने से एक मजदूर की मौत हो गई थी। फिर ऐसा क्या लालच है की सरपंच मौत के महलों को बनाने की अनुमति दे रहे हैं। जबकि हर साल बारिश में जो रास्ता बंद हो जाता है और बाढ़ का पानी भी उस जमीन तक पहुंच जाता है जहां वह निर्माण किया जा रहा है। ऐसे में भविष्य में होने वाली दुर्घटना का जिम्मेदार कौन होगा ?



अजनार नदी के किनारे शिवधाम कॉलोनी के पास नयापुरा गांव के डूब क्षेत्र में 2024 में राजू सौंधिया की बहुमंजिला इमारत गिरने से एक मजदूर की मौत हो गई थी। इसके बाद भी जामुनिया घाटा पंचायत ग्रामीण क्षेत्र के बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र में बहुमंजिला इमारत का निर्माण लगातार जारी है। जबकी यही क्षेत्र नगरपालिका ब्यावरा के वार्ड नंबर 3 में आता है परंतु इमारत के ऑनर ने कोई अनुमति नगरपालिका से नहीं ली। ऐसे में समझा जा सकता है कि ग्राम पंचायत से सांठ-गांठ कर यह अवैध निर्माण किया जा रहा है। स्थानीय प्रशासन को इस अवैध निर्माण की जांच कर सख्त कार्रवाई करना चाहिए जिससे भविष्य में होने वाली दुर्घटना पर लगाम लगाई जा सके।

### नदी से मात्र 15-20 मीटर की दूरी पर बन रही यह इमारत

बैसे तो अजनार नदी के डूब क्षेत्र में आने वाली जगहों पर कई मकान बने हुए है जिन पर राजनीतिक दबाव के चलते प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं करता है। इसी तर्ज पर अब राजनैतिक रसूक रखने वालों ने बहुमंजिला इमारत बनाकर प्रशासन को जैसे एक ओर तमाचा मारा है। हैरत की बात यह है कि रजिस्ट्रार के पास भी यह क्षेत्र डूबग्रस्त है फिर भी रजिस्ट्री हो रही है और निर्माण भी। न कोई देखने वाला है और न ही कोई रोकने वाला। यदि अजनार नदी से इमारत के पिछले हिस्से की दूरी नापी जाए तो 15-20 मीटर की दूरी पर यह निर्माण हो रहा है जो कि नियम विरूद्ध है।

### इनका कहना है...

ब्यावरा के पूर्व एसडीएम की गाइड लाइन के हिसाब से नदी से 30 मीटर की दूरी को डूब क्षेत्र का दायरा माना गया था। अब देखना है कि यह इमारत कितनी दूरी पर बन रही है।

**सुरेश दांगी, पटवारी जामुनिया घाटा**

बिल्डिंग बनाने की अनुमति हमारी पंचायत ने दी है।

**हिम्मत सौंधिया सरपंच जामुनिया घाटा**

नगरपालिका से किसी भी तरह के भवन निर्माण की अनुमति नहीं दी गई है। मैं इसको दिखवाता हूं।

**इकरार अहमद सीएमओ ब्यावरा**

# बीजामंडल मंदिर मुक्ति को लेकर युवाओं का पोस्टकार्ड अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

बीजामंडल मंदिर की मुक्ति एवं हिंदुओं को पूजा-अर्चना का अधिकार दिलाने की मांग को लेकर रविवार को युवाओं ने नगर में पोस्टकार्ड जन-जागरूकता अभियान शुरू किया। अभियान के तहत नगरवासियों से पोस्टकार्ड लिखवाकर शासन और पुरातत्व विभाग तक अपनी मांग पहुंचाई गई। सैकड़ों नागरिकों ने स्वेच्छा से पोस्टकार्ड लिखकर समर्थन दर्ज कराया। युवाओं का कहना है कि बीजामंडल ऐतिहासिक रूप से प्राचीन मंदिर रहा है, किंतु वर्तमान पहचान ऐतिहासिक तथ्यों और जनभावनाओं के विपरीत है। पोस्टकार्डों में मस्जिद शब्द हटाने और विधिवत पूजा का अधिकार देने की मांग की गई। अभियान के दौरान नगर के विभिन्न क्षेत्रों में लोगों को बीजामंडल के इतिहास से अवगत कराया गया। अभियान से जुड़े शुभम वर्मा, मनोज कौशल, अरुण शर्मा ने बताया कि आंदोलन शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक है।

**खबर संक्षेप**

### राष्ट्रीय गणित दिवस का हुआ आयोजन

**सीहोर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस चंद्रशेखर आज़ाद शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय, सीहोर में प्राचार्य डॉ. रोहिताश्व कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में गणित विभाग द्वारा भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ एवं स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन दिनांक 22 दिसंबर 2025 से किया गया। यह आयोजन मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, भोपाल द्वारा प्रायोजित है। कार्यक्रम के प्रथम दिवस का शुभारंभ उत्साहपूर्वक हुआ। इस अवसर पर गणित पर आधारित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें पोस्टर प्रदर्शनी, रंगोली, कोलाज, क्विज़ एवं भाषण प्रतियोगिता प्रमुख रहीं। इन सभी प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय के लगभग 200 विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता की और अपनी रचनात्मक एवं बौद्धिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंतर्गत मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, भोपाल द्वारा डुंगला, उज्जैन में स्थापित वराहमिहिर खगोलिय वेधशाला मे आयोजित राष्ट्रीय गणित दिवस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण (लाइव टेलीकास्ट) महाविद्यालय में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को दिखाया गया। इस कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा संबोधन दिया गया, जिसे सभी ने अत्यंत रुचि एवं प्रेरणा के साथ देखा। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रोहिताश्व कुमार शर्मा ने अपने उद्बोधन में गणित के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को तार्किक चिंतन एवं नवाचार की दिशा में आगे बढ़ने प्रेरित किया।

### केंद्रीय कृषि मंत्री ने किया 73 करोड़ रुपए से अधिक के विकास एवं निर्माण कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन

# गांव विकसित होंगे तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विकसित भारत का सपना भी साकार होगाः शिवराज सिंह चौहान






### केंद्रीय कृषि मंत्री बुधनी स्थित CFMTTI में आयोजित कार्यक्रम में हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधनी के सलकनपुर में आयोजित कार्यक्रम में पीएचई विभाग तथा पीडब्ल्यूडी विभाग के 73 करोड़ 01 लाख रूपये से अधिक के सड़क, पुलिया सहित अन्य विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इन कार्यों में पीडब्ल्यूडी विभाग के 70 करोड़ 01 लाख 17 हजार रूपये लागत के 11 विकास कार्य शामिल हैं और पीएचई विभाग के 02 करोड़ 99 लाख 89 हजार रूपये लागत का एक विकास कार्य शामिल हैं। इस अवसर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में देश एवं प्रदेश में निरंतर विकास के कार्य को रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज यहां 73 करोड़ रूपये से अधिक के विकास एवं निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया गया है, जिनमें से अधिकतर सड़क निर्माण कार्य हैं, सड़कें विकास का मुख्य आधार होती है। इन सड़कों के बन जाने से क्षेत्र निश्चित ही तेज गति से विकसित होगा। उन्होंने कहा कि हाल ही में मनरेगा योजना में बदलाव करते हुए 'विकसित भारत जी राम जी योजना' बनाई गई है, इसमें एक साल में 100 दिनों की जगह पर 125 दिन का रोजगार देने की गारंटी दी गई है।

इसके साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि इस योजना के तहत गांवों में विकास के कार्य हों। उन्होंने कहा कि इस योजना के लिए 01 लाख 51 हजार 282 करोड़ रूपये का बजट प्रस्तावित है। इसके साथ ही इसमें एक और विशेष प्रावधान किया गया है, प्रशासनिक व्यय 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 9 प्रतिशत कर दिया गया है, ताकि रोजगार भी अधिक मिले और ग्रामों में विकास के कार्य भी अधिक हों। उन्होंने कहा कि यदि गांव विकसित होंगे तो प्रधानमंत्री श्री मोदी का विकसित भारत का सपना भी पूर्ण होगा। इस योजना में यह प्रावधान किया गया है कि गांव के विकास के लिए गांव के लोग रणनीति बनाएं और उसे धरातल पर क्रियान्वित करने का कार्य करें।

इसके साथ ही काम की आवश्यकतानुसार पंचायतों की ग्रेडिंग भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि आज राष्ट्रपति द्वारा इस विधेयक पर हस्ताक्षर कर दिए गए हैं और 06 महीने के भीतर यह नई योजना लागू की जाएगी। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए प्रदेश सरकार द्वारा लाड़ली बहना योजना चलाई जा रही है। इसके साथ ही स्वयं सहायता समूह के माध्यम से भी महिलाओं को लखपति दीदी बनाने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है।

### बुधनी स्थित CFMTTI में आयोजित कृषि संवाद कार्यक्रम में हुए शामिल

केंद्रीय कृषि मंत्री श्री चौहान बुधनी स्थित सेंट्रल फार्म मशीनरी ट्रेनिंग एंड टेस्टिंग इंस्टीट्यूट में आयोजित कृषि संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने ड्रोन तकनीकी, महिला प्रशिक्षण प्रकोष्ठ, परीक्षण एवं एकीकृत कृषि प्रणाली के कार्यों का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकार कृषि के क्षेत्र में तकनीकी को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्यरत है। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए आज इस इंस्टीट्यूट में अनेक प्रकार के कृषि यंत्रों, उपकरणों, ड्रोन एवं तकनीकों के प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ हो रहे हैं। उन्होंने किसानों को प्रेरित करते हुए कहा कि हमें हमारी कृषि और उत्पादन को बढ़ाने के लिए खेती में अधुनिक तकनीकों के उपयोग को बढ़ावा देना चाहिए। उन्होंने कहा किसानों की आमदानी बढ़े इसके लिए खेती के स्वरूप में बदलना आवश्यक है।

### यह थे उपस्थित

कार्यक्रम में बुधनी विधायक रमाकांत भार्गव, भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, सीहोर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, रवि मालवीय, रघुनाथ भाटी, महेश उपाध्याय, पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह राजपूत, अनुसूचित जनजाति वित्त विकास निगम अध्यक्ष श्री निर्मला बारेला, ज्वाइंट सेक्रेटरी रूकमणी सुंदरम् सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी, किसान, लाड़ली बहनें, विद्यार्थी और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## नवनियुक्त आष्टा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेंद्र ठाकुर का नगर में किया गया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नवनियुक्त ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेंद्र ठाकुर (मेमदाखेड़ी) का आष्टा नगर में पूर्व पार्षद नरेंद्र कुशवाहा मित्र मंडल द्वारा आत्मीय एवं गरिमामय स्वागत-सम्मान किया गया। यह कार्यक्रम शास्त्री स्कूल स्थित परसराम कॉम्पलेक्स में पूर्व पार्षद नरेंद्र कुशवाहा के कार्यालय पर आयोजित हुआ। इस अवसर पर श्री कुशवाहा द्वारा नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष श्री ठाकुर का पुष्पमाला पहनाकर, साफा बांधकर एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। साथ ही यूथ कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष संदीप हाजीपुर, राजगढ़ जिला प्रभारी अमित पटेल (भीलखेड़ी) का भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्पमाला से स्वागत किया गया।कार्यक्रम में आशुतोष, सुभाष नामदेव, शुभम कुशवाहा, प्रशांत (गोल्डी) एवं एनएसयुआई जिला उपाध्यक्ष द्वारा अतिथियों का गर्मजोशी से अभिनंदन किया गया।अपने उद्बोधन में नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष धर्मेंद्र ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में छोटे से छोटे कार्यकर्ता का भी सम्मान सर्वोपरि है। संगठन को एकजुट कर मजबूती के साथ आगे बढ़ाना उनकी प्राथमिकता रहेगी।उन्होंने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार महंगाई, बेरोजगारी, महिलाओं पर अत्याचार एवं संविधान विरोधी कार्यों में पूरी तरह विफल साबित हुई है। ऐसी जनविरोधी सरकार के खिलाफ कांग्रेस को एकजुट होकर संघर्ष करना होगा।श्री ठाकुर ने यह भी कहा कि कांग्रेस पार्टी ने सदैव मजदूर, किसान और कमजोर वर्ग के हितों के लिए संघर्ष किया है और आगे भी करती रहेगी।इस अवसर पर पूर्व पार्षद सुभाष नामदेव, नरेंद्र पोरवाल, महेंद्र ठाकुर, शुभम कुशवाहा, लाखन सेन, अमरचंद कुशवाहा, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।अंत में पूर्व पार्षद नरेन्द्र कुशवाहा ने नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष धर्मेन्द्र ठाकुर को बधाई देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी आष्टा क्षेत्र में संगठन को मजबूती प्रदान करेगी

## महाविद्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय गणित दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



शासकीय महाविद्यालय जावर में स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर एक विशेष करियर काउंसलिंग कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन 11:30 बजे महाविद्यालय परिसर में किया गया। जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को नवीन तकनीकों एवं करियर संभावनाओं से अवगत कराना था। इस अवसर पर नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ड्रोन टेक्नोलॉजी की R&D टीम विशेष रूप से उपस्थित रही, जिसमें अलमु अख्तर, ऋतु राज, विपुल, अंकित किरार (ड्रोन पायलट) तथा अंकित लोधी (ड्रोन इंजीनियर) शामिल थे। टीम के सदस्यों ने विद्यार्थियों को ड्रोन टेक्नोलॉजी के विभिन्न पहलुओं—जैसे ड्रोन की संरचना, कार्यप्रणाली, उपयोग क्षेत्र, प्रशिक्षण प्रक्रिया एवं भविष्य में उपलब्ध करियर अवसरों—पर विस्तार से जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम की मुख्य विशेषता के रूप में टीम द्वारा ड्रोन उड़ाकर उसका लाइव प्रदर्शन किया गया। साथ ही विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को स्वयं ड्रोन उड़ाने का व्यावहारिक अनुभव भी कराया गया, जिससे छात्रों में अत्यधिक उत्साह एवं जिज्ञासा देखने को मिली। प्रश्नोत्तर सत्र के दौरान विद्यार्थियों ने ड्रोन टेक्नोलॉजी से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका टीम के सदस्यों ने सरल, स्पष्ट एवं प्रेरणादायक उत्तर देकर मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता की। महाविद्यालय प्रशासन ने नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ड्रोन टेक्नोलॉजी की टीम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इस प्रकार के कार्यक्रमों को विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण हेतु अत्यंत उपयोगी बताया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

## नपा ने चालानी कार्रवाई कर दुकानदारों को दी सख्त चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा





नगर पालिका परिषद में स्वच्छ भारत अभियान को सख्ती से लागू करते हुए नपा अध्यक्ष हेम कुंवर राय सिंह मेवाडा, मुख्य नपा अधिकारी विनोद कुमार प्रजापति के निर्देशन एवं निगरानी में स्वच्छता पर्यवेक्षक विनोद कुमार सांगते द्वारा गठित दल ने बस स्टैंड एवं आसपास के क्षेत्र में गंदगी फैलाने वाले दुकानदारों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की।इस दौरान लगभग एक दर्जन दुकानदारों पर मौके पर ही चालान काटे गए। कार्रवाई के दौरान संबंधित दुकानदारों को स्पष्ट चेतावनी दी गई कि भविष्य में यदि किसी भी प्रकार की गंदगी फैलाते पाए गए तो चालानी राशि को दोगुना करते हुए सख्त कार्रवाई की जाएगी।चालानी कार्रवाई में प्रमुख रूप से बीकानेर स्वीट्स बेकरी, सेठ जी रेस्टोरेंट सहित अन्य प्रतिष्ठान शामिल रहे। नगर पालिका के इस अभियान से क्षेत्र में स्वच्छता को लेकर जागरूकता का संदेश गया है।गठित दल में सफाई दरोगा पप्पू खरे के साथ राजकुमार अकेला, विनय सिंह, रितेश सांगते एवं हेमंत चांडाले विशेष रूप से उपस्थित रहे। नगर पालिका प्रशासन ने नागरिकों एवं व्यापारियों से अपील की है कि वे स्वच्छता नियमों का पालन करें और नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने में सहयोग करें।

## श्मशान घाट निर्माण में लग रहे पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



वार्ड 03 में प्रचलित शमशान घाट निर्माण कार्य में लग रहे पेवर ब्लॉक फिक्सिंग कार्य का निरीक्षण मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरीश कुमार सोनी द्वारा किया गया एवं ठेकेदार को गुणवत्ता पूर्ण कार्य के निर्देश दिये गए नगर परिषद जावर निरंतर विकास की ओर प्रगतिरत है उक्त अवसर पर नगर परिषद उपाध्यक्ष तेज सिंह कप्तान, अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज वेध, कुमैर सिंह ठाकुर, प्रदीप वेध,मुज्जफर खान, ठेकेदार अरोरा, पंकज ठाकुर आदि उपस्थित थे।

### मानस सम्मेलन में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, धर्म पाठ से गूंजा क्षेत्र

## पहले दिन नगर व अंचलों से आए श्रद्धालु हुए शामिल





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

स्थानीय श्री मानस भवन प्रागंण में आयोजित पॉच दिवसीय भव्य मानस सम्मेलन हर्षोल्लास के साथ आज दिनांक 22 दिसम्बर से प्रारंभ हुआ। प्रथम दिवस : सम्मेलन के प्रथम दिवस नगर एवं ग्रामीण अंचलो से काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया और सम्मेलन में पधारे पूज्य संतो की श्रीमुख अमृतमयी वार्णी का लार्भाजन प्राप्त कर धर्म लाभ उठाया। सम्मेलन में पधारे संत - आज प्रारंभ हुए सम्मेलन में प्रथम दिवस मै मुख्य रूप से पूज्य संत बाल संत प्रियांशु जी महाराह अनकलेश्वर गुजरात, पूज्य संत दीपकदास जी महामण्डेलश्वर अन्नपूर्णा मंदिर आष्टा के अमृतमय प्रवचन हमे सुनने को मिले। संतो की अमृतमय वाडी एवं सुमधुर भजनों ने श्रोताओं का मन मोह लिया।भक्तिमय कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। तत्पश्चात आयोजित सम्मेलन में पूज्य संतो के प्रवचनों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। वही सामाजिक संदेश प्रवचन के दौरान वक्ताओं ने समाज में समरसता, नैतिकता और रामायण के प्रासंगिक संदेशों को अपनाने पर जोर दिया।सम्मेलन की आयोजन समिति के अध्यक्ष नारायणसिंह (भुरू) मुकाती ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति और संस्कारों से जोड़ना है। कार्यक्रम के अंत में प्रसादी वितरण कर किया गया। सम्मेल के इस अवसर मानस सम्मेलन के समस्त सदस्य पदाधिकारी गण उपस्थित रहे ।

## अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल ने किया आक्रोश व्यक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के द्वारा सोमवार शाम को कोतवाली चौराहा पर बाग्लादेश का पुतला जलाया गया। अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारेबाजी कर बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार और हिंसक घटनाओं को लेकर कड़ा विरोध दर्ज कराया। कार्यकर्ताओं ने अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद के मध्य भारत छत्तीसगढ़ प्रमुख अतुल राठौर के निर्देश पर जिलाध्यक्ष मनीष मेवाड़ा के नेतृत्व में प्रदशन कर आक्रोश व्यक्त किया। जिलाध्यक्ष मेवाड़ा ने कार्यकर्ताओं को संबंधित करते हुए कहा कि बांग्लादेश में हिन्दू भाई को जिंदा जला दिया गया है बांग्लादेश में मानवीयता समाप्त हो चुकी है। पाकिस्तान की भांति बांग्लादेश भी आतंकी देश बना चुका है। अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के द्वारा भारत सरकार से बांग्लादेश की अंतरिम सरकार पर आर्थिक व्यापारिक प्रतिबंध लगाने और बहुसंख्यकों के द्वारा हिन्दूओं पर किए जा रहे अन्याय अत्याचारों सहित हिंसक घटनाओं को रोकने आरोपियों को कड़ा सजा दिलाने की मांग की है। प्रदर्शन के दौरान अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल हिंदू हेल्प लाइन प्रांत उपाध्यक्ष ज्ञान सिंह बाघेला,जिला महासचिव मदन राजपूत राष्ट्रीय बजरंग दल जिला उपाध्यक्ष हिरदेश मेवाड़ा हिंदू जिला सचिव राजेश मेवाड़ा हेल्पलाइन जिला संयोजक नवीन राठौड़ राहुल राठौड़ नगर महामंत्री प्रशांत राठौड़ जेश राठौड़ राहुल जाटव नगर अध्यक्ष प्रखण्ड अध्यक्ष श्यामपुर जगदीश पाटीदार दिलीप पाटीदार शुभम राठौर आदि कार्यकर्ता शामिल रहे।